दैनिक नवज्योति

उदयपुर, शनिवार, 23 नवंबर 2019 5

क्वालिटी रिसर्च पर देना होगा विशेष ध्यान : डॉ. बोहरा

ब्यूरो नवज्योति, उदयपुर। ज्ञान के विकास में रिसर्च की महत्वपूर्ण भूमिका है। अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्राप्त होना रिसर्च में पूर्णत सत्यात्मक तथ्यों को शामिल करने का प्रमाण है। देश के विकास के लिए स्कॉलर्स, फैकल्टी और स्टूडेंट्स को क्वालिटी रिसर्च पर फोकस करना होगा। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि वीएमओयू कोटा की डायरेक्टर डॉ. रश्मि बोहरा ने यह जानकारी दी।

ऐश्वर्या की सीएमडी. डॉ. सीमा सिंह ने कांफ्रेंस में भाग लेने वाले सभी स्टूडेंट्स, स्कॉलर्स और फैकल्टी बधाई दी। मुख्य अतिथि उद्योगपति सुनील गालुनडिया ने कहा कि स्कॉलर्स अपने शोध का कार्य पूरे समर्पण के साथ करें। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड आईटी की निदेशक डॉ. रक्षा शर्मा, डॉ. एएन माथुर बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राशि माथुर, पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा और अतिथियों ने इस दौरान जर्नल का विमोचन भी किया। विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

उदयपुर, शनिवार 23 नवंबर, 2019 | 02

भास्कर

एजुकेशन/बिजनेस प्लस

क्वालिटी रिसर्च पर करें फोकस : बोहरा

उदयपुर | ज्ञान के विकास में रिसर्च की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षण और प्रशिक्षण में भी रिसर्च अहम किरदार निभाता है। यह बात ऐश्वर्या कॉलेज आफ एजुकेशन संस्थान में हो रही नेशनल कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि वीएमओयू कोटा की डायरेक्टर डॉ. रश्मि बोहरा ने कही। संस्थान की सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि फील्ड वर्क स्टडी और सत्यपरक तथ्यों को ही रिसर्च में शामिल करें। इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड आईटी की निर्देशक डा. रक्षा शर्मा और अतिथियों ने इस दौरान जर्नल का विमोचन भी किया।

राजस्थान पत्रिका . उदयपुर, शनिवार, 23 नवम्बर, 2019

नेशनल कांफ्रेंस में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा

उदयपुर . 'ज्ञान के विकास में रिसर्च की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र मे भी रिसर्च अहम किरदार निभाता है। अर्थशास्त्र के क्षेत्र मे नोबल पुरस्कार प्राप्त होना रिसर्च में पूर्णतः सत्यात्मक तथ्यों को शामिल करने का प्रमाण है। देश के विकास के लिए स्कॉलर्स, फेकल्टी और स्टूडेंट्स को क्वालिटी रिसर्च पर फोकस करना होगा।' इस आशय की जानकारी ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि वीएमओयू कोटा की डॉयरेक्टर डॉ. रश्मि बोहरा ने साझा की। संस्थान की सीएमडी. डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि सेमिनार में रिसर्च पेपर, पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से फेकल्टी, स्कॉलर्स और स्टूडेंट्स ने नेगेटिव इफेक्ट ऑफ सोशल मीडिया, प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान, स्कूली और उच्च शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता, पर्यावरण, जल प्रदूषण बालिका शिक्षा, बाल मजदूरी जैसे ज्वलंत मुद्दों और विषयों पर पोस्टर और पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रकाश डालते प्रभावी समाधान सुझाए। मुख्य अतिथि उद्योगपति सुनील गलुंडिया, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड आईटी निर्देशक डॉ. रक्षा शर्मा, डॉ. एएन माथुर, बीएड कॉलेज प्राचार्या डॉ. राशि माथुर, पीजी कॉलेज प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

3

Udaipur . Thursday
21/11/2019

पत्रिका

नेशनल कांफ्रेंस आज से

उदयपुर ◆ ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में 12वीं नेशनल कांफ्रेंस 21 से 23 नवंबर तक होगी। डॉ. रक्षा शर्मा ने बताया कि 'अंतर विषयी मुद्दों की प्रवृत्ति की पहुंच पर एकीकृत प्रगतिशील रणनीति' विषय पर प्रतिभागी ज्वलंत विषयों पर मंथन करेंगे। पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. रीना शर्मा ने बताया कि 130 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, गुरूवार, 21 नवंबर 2019 6

ज्वलंत विषयों पर मंथन कर खोजेंगे प्रभावी समाधान

ऐश्वर्या कॉलेज में नेशनल कॉन्फ्रेंस आज से

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान मे 12वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस 21 से 23 नवंबर तक होगी। अंतर विषयी मुद्दों की प्रवृत्ति की पहुंच पर एकीकृत प्रगतिशील रणनीति विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागी ज्वलंत विषयों पर प्रभावी मंथन कर और समाधानात्मक सुझाव प्रस्तुत करेंगे। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान की डॉ. रक्षा शर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्कूल, हायर एजुकेशन, सामाजिक, आर्थिक, प्रबंधन, विज्ञान, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और पर्यावरण आदि से जुड़े मुद्दों पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर सकेंगे ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रीना शर्मा ने बताया कि अभी तक 130 प्रतिभागी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए पंजीयन करवा चुके हैं। बीएड प्राचार्य डॉ. राशि माथुर ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।